राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान जयपुर

(जी–3, राजमहल रेजीडेन्सी ऐरिया, सिविल लाईन फाटक के पास, 22 गोदाम, जयपुर)
टेलीफैक्स नं. 0141–2222403, 2229314
ईमेल–dlbrajasthan@gmail.com

क्रमांक : PSKS/अभियान–21/डीएलबी/2021/14246-465 दिनांक : 24/08/2021

समस्त उपनिदेशक (क्षेत्रीय)
राजस्थान।

समस्त आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी,
नगर निगम/परिषद्/पालिका,
राजस्थान।

विषय : प्रशासन शहरो के संग अभियान – 2021 के शुभारम्भ पर एक लाख पटटे जारी किये जाने के सम्बन्ध में।

प्रसंग : विभागीय समसंख्यक पत्र क्रमांक 12766–12978 दिनांक 19.08.2021 के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र की निरन्तरता में लेख है कि जैसा कि आप को पूर्व में विभागीय विडियो कान्फेन्स के माध्यम से निर्दशित किया जा चुका है कि प्रशासन शहरो के संग अभियान – 2021 का शुभारम्भ 2 अक्टुबर 2021 से प्रदेश के सभी नगरीय निकायो में किया जाना प्रस्तावित है। राज्य सरकार द्वारा उक्त अभियान में 10 लाख पटटे जारी किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही अभियान के प्रथम दिवस पर समस्त राज्य में 1 लाख पटटे जारी किये जाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसका संभागवार विवरण निम्नानुसार हैः–

क्र.स.	संभाग का नाम	आवंटित लक्ष्य (प्रथम दिवस)
1.	जयपुर	20000
2	जोधपुर	15000
3	अजमेर	15000
4	उदयपुर	15000
5	कोटा	15000
6	बीकानेर	10000
7	भरतपुर	10000
कुल योग		100000

इसी क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि अपनी क्षेत्र की निकायों हेतु प्रथम दिन हेतु लक्ष्य निर्धारित कर निरन्तर समीक्षा करते हुए विभाग को साप्ताहिक रिपोर्ट प्रषित करे तथा करावे उक्तानुसार कार्ययोजना तैयार कर प्रथम दिवस आपको आवंटित लक्ष्य को पूरा कर अधिकाधिक पटटे जारी करने का श्रम करें। इसके लिए दिनांक 15.09.2021 से 25.09.2021 के मध्य समस्त नगरीय निकायों में अभियान के लिए ''पूर्व तैयारी कैम्प'' आयोजित करें। उक्त कैम्पो के आयोजन से जारी किये जा सकने वाले पटटों की पूर्ण तैयारी हो जावेंगी, जिससे उन्हे कैम्प के प्रथम दिन ही पट्टे जारी किए जा सकेंगे तथा संभावित प्रक्रियागत कठिनाईयो की जानकारी भी मिल पायेगी, जिससे उनका निराकरण कैम्प आरम्भ किये जाने से पूर्व ही किया जा सकेगा।

(दीपक नन्दी)
निदेशक एवं विशिष्ठ सचिव

क्रमांक : PSKS/अभियान-21/डीएलबी/2021/ 14466-506 दिनांक : 24/08/2021

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. विशिष्ठ सहायक, माननीय मंत्री महोदय, नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग, राज. जयपुर।
2. विशेषाधिकारी, डॉ. गुरदयाल सिंह संधु, सलाहकार महो., नगरीय विकास विभाग एवं स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सचिव, शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर।
4. निजी सचिव, निदेशक एवं विशिष्ट सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राज., जयपुर।
5. समस्त जिला कलक्टर, राजस्थान।
6. निजी सचिव, अतिरिक्त निदेशक, स्वायत्त शासन. विभाग, राज., जयपुर।
7. संयुक्त निदेशक, आईटी अनुभाग, निदेशालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड़ करने हेतु।
8. सुरक्षित पत्रावली।

(संजीव कुमार पाण्डेय)
अतिरिक्त निदेशक